मध्यप्रदेश

दैनिक भास्कर, नर्मदापुरम, बुधवार, 22 अप्रैल, 2026 | 5

मैनेजमेंट फंडा

एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

बिगिनर्स के लिए नौकरी का पहला कदम ही अब आसान नहीं रहा

'क्या आप रिज्यूमे को लेकर मेरी मदद कर सकते हैं?' आपके बारे में तो मुझे पता नहीं, लेकिन यह बात मैंने उन कई युवाओं से सुनी है, जो अक्सर तंग जॉब मार्केट में रिलेक्सान या सहूलियत की हतोत्साहित करने वाली स्थिति का सामना करते हैं। ऐसी दुनिया में जहां युवा सोशल मीडिया पर एक 'स्माइली' मिलने से खुश हो जाते हैं, वहीं हल्का-सा रिजेक्शन झेलना भी उनके लिए कठिन होता जा रहा है। खासकर, जब उन्हें लगता है कि ये सब ठीक कर रहे हैं, लेकिन लगातार प्रयास के बावजूद रोजगार नहीं मिल पा रहा।

पीक्ड गर्मी के बीच जब पढ़ाकल एग्जाम खत्म हो चुके या होने वाले हैं और नौकरी पाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है तो जॉब नहीं मिलने की निराशा के चलते कई युवा पैरेंट्स, काउंसलर, प्रोफेसर और मेंटर्स से मदद लेने को मजबूर हो गए हैं। कई परिवारों में जब यह संघर्ष दिख रहा है तो हम रहस्यमुर्गी की भांति रेत में सिर गड़ कर नहीं रह सकते।

खत्म हो में कॉलेज से पास-आउट या पढ़ाकल ईयर में पढ़ रहे युवाओं के लिए नौकरी ढूंढना अब पहले जैसा नहीं रहा। यह स्पष्ट नहीं है। योग्यता का पैमाना ऊंचा हो गया और पहली सीढ़ी ही कठिन हो गई है। इन सभी समस्याओं के बावजूद हमें सराहना करनी चाहिए कि यह पीढ़ी अब भी नौकरी तलाश रही है, न कि यह कह रही है कि 'आप मेरे लिए नौकरी ढूंढ दीजिए, मैं कल से शुरू कर दूंगा।' कोविड-19 के बाद न सिर्फ कामकाज का तरीका बदला है, बल्कि नियोक्ताओं की उम्मीदें भी कई गुना बढ़ी हैं।

यदि आपके पास भी इस गर्मी में नौकरी तलाश रहा कोई युवा है तो आप शायद पैरेंट के तौर पर उसे प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित कर रहे होंगे और रिलेक्सान के दौरान सहानुभूति भी रख रहे होंगे। लेकिन यह महज मोटिवेशन का मामला नहीं है। इसलिए विशेषज्ञ कुछ और सुझाव भी देते हैं कि आप नौकरी ढूंढने में कैसे उनकी मदद कर सकते हैं। ये सुझाव रिज्यूमे सुधारने, उन्हें अपने नेटवर्क से जोड़ने या यह बताने से अलग हैं कि कहां भर्ती चल रही है। यह उससे आगे की बात है। कुछ सुझाव यहां पेश हैं।

1. जॉब सर्च में शामिल रहें, लेकिन युवाओं की आजादी न छीनें।

2. उन्हें बाजार की हकीकत दिखाएं कि नौकरियां कम और प्रतिस्पर्धा अधिक है। इससे खुद को दोष देने जैसी भावना कम होगी और बाजार को लेकर वास्तविक उम्मीदें बढ़ेंगी।

3. अपने अनुभव के आधार पर बताते रहें कि उन्हें कब और कैसे फॉलो-अप कॉल करनी चाहिए।

4. एक युवा आवेदक, खासकर जब आपका बच्चा जरूरत से ज्यादा सोचता है तो उसके लिए आवेदन का जवाब नहीं मिलना कठिन परिस्थिति हो सकती है। पैरेंट्स के तौर पर इसे समझना जरूरी है, ताकि वे रिजेक्शन को ओवर-इंटरप्रेट न करें।

5. उनकी छोटी-छोटी सफलताओं को मानें। यदि इंटरव्यू में एचआर ने बच्चे से ज्यादा देर बात की तो सराहना करें। उनसे कहें कि उस बातचीत को याद करें और उनकी यह समझने में मदद करें कि क्यों एचआर ने बातचीत में रुचि दिखाई। इससे युवाओं को इंटरव्यू में विफलता के कारण जानने में मदद मिलेगी। समय निकालकर समझें कि इंटरव्यू में क्या अच्छा हुआ और अगली बार वे कहां सुधार कर सकते हैं।

यह रोकिए, पहली नौकरी मिलने के बाद राह और कठिन होगी। जब वे काम से लौटें तो रोज उनके साथ बैठकर बात करें कि दिन कैसा रहा और उन्होंने क्या सीखा। जैसे एक शिक्षक विद्यार्थी को अपने विषय से जोड़ने की कोशिश करता है, वैसे ही पैरेंट्स को भी बच्चे को यह गर्व कराना चाहिए कि अब वह रोजगारशुदा है।

पंख मत हैं कि डाकघर बच्चा जब नौकरी तलाश रहा है या प्रोबेशन के शुरुआती दिनों में है, तो पैरेंट्स यदि जॉब तलाशे तो ज्यादा एहसानेज पर जोर देंगे तो इससे युवा को नौकरी पाने में मदद मिलेगी और वह बेहतर कार्यस्थली बनाएगा।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

जेकेट का शेष

कर्नाटक का विजयपुरा: बंजर जमीन पर लगाए 1.5 करोड़ पेड़,

- निर्माण बड़ी चुनौती : स्थानीय निवासी और गोल गुंबज में कर्मचारी सविता बताती है, 'विजयपुरा में हरियाली बेशक बढ़ी है, लेकिन निर्माण कार्यों के कारण पेड़ कटे भी हैं। संतोष अजूर कहते हैं, 'अभियान ने लोगों को पहले से बहुत अधिक जागरूक किया है। बीजापुर में पेड़ काटने के लिए वन विभाग की अनुमति जरूरी नहीं है, फिर भी लोग पेड़ काटने पर हेल्पलाइन पर फोन करते हैं। पुराने पेड़ों के बदले नए पेड़ लगाकर क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती, क्योंकि उसमें 50, 100 साल लगेंगे। ट्री ट्रांसप्लांटिंग सभी प्रजाति के वृक्षों में सफल नहीं होता।

पुलिस ने शादी वाले घर में सुतकर लाठी बरसाई

कटनी सोमवार रात कटनी जिले के कुठला थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में एक शादी समारोह के दौरान पुलिस और बारातियों के बीच झड़प हो गई। इस बवाल के बाद पुलिस ने शादी वाले घर में घुसकर लाठीचार्ज किया



700 शंकर दूत विश्व में पहुंचाएंगे अद्वैत वेदांत दर्शन

ओंकारेश्वर| आज ऐसे प्रकल्पों की अत्यंत आवश्यकता है, जो शंकराचार्य के विचारों को वैश्विक स्तर तक पहुंचाएं। शंकराचार्य ने भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए चारों दिशाओं में पीठों की स्थापना की और आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। यह आह्वान वीडियो संदेश में विश्व शेखर भारती ने 700 दीक्षित और उच्च शिक्षित शंकर दूतों से किया। इन शंकर दूतों ने अद्वैत वेदांत को विश्व में पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

आदि गुरु आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव पर आयोजित 'एकात्म पर्व' का समापन मंगलवार को आध्यात्मिक परिषद के साथ हुआ। समारोह में जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, चिन्मय मिशन के पूर्व वैश्विक प्रमुख स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती, मप्र के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित कई संत-महात्मा और विद्वान उपस्थित रहे। महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि ने कहा- अब समय आ गया है कि भारत का आध्यात्मिक दर्शन वैश्विक मंच पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जाए। यह कार्य आज दीक्षित शंकर दूत कर सकते हैं। इन शंकर दूतों में आईआईटी, डॉक्टर, इंजीनियर, सेना और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े युवा शामिल हैं।

ग्वालियर : रिवॉल्वर अड़ाकर 30 लाख के चेक छीने

प्रॉपर्टी कारोबारी से हैवानियत; बंधक बनाया, अश्लील हरकत कर पीटा

भास्कर न्यूज | ग्वालियर

हजीरा के पीतांबरा धर्मकांटा पर 48 वर्षीय प्रॉपर्टी कारोबारी के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पैसों का हिसाब करने के लिए बहाने से कारोबारी को धर्मकांटे पर बुलाया। जब वह आया तो उसे कमरे में बंधक बना लिया। रिवॉल्वर अड़ाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। इतना ही नहीं, उससे ही शराब मंगवाई और पीकर उसे प्रताड़ित किया। डर के माहौल में कारोबारी से 10-10 लाख रुपए के तीन चेक साइन करवा लिए। गुंडों ने उससे गालियां दिलवाकर वीडियो भी बनाए और उसके मोबाइल से ही उसके दोस्त को भेजे। जान बचाने के लिए कारोबारी हाथ जोड़ता रहा, पैर छूता रहा और नाक रगड़कर रहम की भीख मांगता रहा। काफी देर तक टॉर्चर करने के बाद बदमाशों ने उसे धमकी देकर छोड़ा। किसी तरह वह वहां से निकला और सीधे पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने 4 नामजद सहित 8 बदमाशों पर एफआईआर दर्ज कर ली है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

> **बदमाशों के आपराधिक रिकॉर्ड, जल्द पकड़े जाएंगे:**
> *पैसों के लेनदेन को लेकर पीतांबरा धर्मकांटा के मालिक और उसके 8 साथियों ने एक प्रॉपर्टी कारोबारी को बुलाकर मारपीट की। बदमाशों ने रिवॉल्वर की नोक पर उसके साथ गलत हरकत भी की। घटना में शामिल कुछ लोगों के आपराधिक रिकॉर्ड भी हैं। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।*
> **नागेंद्र सिंह सिकरवार, सीएसपी**

भोजशाला : मुस्लिम पक्ष ने मांगी 91 दिन के सर्वे की वीडियोग्राफी, हाईकोर्ट ने पूछा- दे सकते हैं?

इंदौर| भोजशाला मामले में मंगलवार को भी सुनवाई जारी रही। मुस्लिम पक्ष की ओर से कहा गया कि भोजशाला का हाई कोर्ट के आदेश पर 91 दिन सर्वे किया गया था। इस सर्वे के दौरान हर दिन की वीडियोग्राफी की गई थी। इस वीडियोग्राफी की प्रति उपलब्ध कराई जाए ताकि उसे देखने के बाद हम अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकें। हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि जब सर्वे चल रहा था तब हिंदू और मुस्लिम पक्ष के सदस्य भी सर्वे टीम में शामिल थे। उस वक्त सर्वे करने वाली टीम के समक्ष कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई थी। इस पर सीनियर एडवोकेट ने सलमान खुर्शीद ने स्वीकार किया कि सर्वे में मुस्लिम पक्ष के भी सदस्य थे। उन्होंने कोई आपत्ति उस वक्त नहीं ली, लेकिन हम अभी वीडियोग्राफी देखना चाहते हैं।

इस मामले की सुनवाई कर रही डिविजन बेंच के जस्टिस विनय कुमार शुक्ला, जस्टिस आलोक अवस्थी ने एएसआई की ओर पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट सुनील जैन से पूछा- इसे कैसे कोर्ट और याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराया जा सकता है?

कालीसिंध में अवैध खनन... कार्रवाई से पहले सूचना ठीक

सुसनेर (उज्जैन) कालीसिंध नदी में अवैध रेत खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। कालूपुर, कोटा और तिंजपुर क्षेत्र में दिन-रात रेत निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से खुलेआम परिवहन किया जा रहा है। कई जगहों पर नदी के भीतर तक मशीनों और मजदूरों से खुदाई हो रही है। इससे शासन को रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है, वहीं नदी के प्राकृतिक प्रवाह और संरचना पर भी असर पड़ रहा है। जिले में लंबे समय से रेत खदानों की नीलामी नहीं होने का फायदा उठाकर अवैध कारोबारी सक्रिय हैं। कालूपुर से गियनिया खाकड़ के बीच लगातार खनन देखा जा रहा है। खनिज विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि कार्रवाई की सूचना पहले ही लीक होने की चर्चा है। जिला खनिज अधिकारी नवकांत भालेकर ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कालीसिंध नदी में अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है।

पेज 1 का शेष

ट्रम्प की जुबानी...

उधर... भारत-अमेरिका ट्रेड डील के लिए बातों का पहला चरण पूरा:

वॉशिंगटन| भारत-अमेरिका ट्रेड डील के लिए वॉशिंगटन में पहला चरण पूरा हो गया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील का पहला चरण पहाड़ला हो चुका है। कई मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। हम उस फेज में जा रहे हैं, जहां बाकी मुद्दों को भी सुलझा लिया जाएगा। 20 से 22 अप्रैल तक भारत की ओर से वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन और यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव बेंडन लिंच वार्ता के कई दौर करेंगे। बता दें कि नई दिल्ली में पिछले महीने दोनों देशों के प्रतिनिधि ट्रेड डील पर बातचीत कर चुके हैं।

अब मेडिकल...

- अगले पांच वर्षों में सभी मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब और ऑर्गन ट्रांसप्लांट जैसी सुविधाओं के विकास पर करीब 2 हजार करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव है।
- मंडला में राजा हृदय शाह मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति और इंदौर से जुड़ी एक नई सिंचाई परियोजना को भी कैबिनेट में रखा जा सकता है।

मुआवजे के लिए 4 साल से लगा रही है चक्कर

जनसुनवाई में आवेदन देकर महिला पानी की टंकी पर चढ़ी

पानी की टंकी पर चढ़ी पीड़ित महिला।

भास्कर न्यूज | खातिया

मैं टूट चुकी हूं... चार साल से चक्कर लगा रही हूं...। ऐसा आवेदन कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में देकर महिला बाहर निकली और बोतल में पेट्रोल लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। उससे पहले उसने अपने दो बच्चों और मां शम्मो को टंकी के पास ही नीचे बैठा गई। घटना की सूचना मिलते ही अफसर मौके पर पहुंचे। महिला ने उनसे कहा कि उसे अभी की अभी क्लेम के 20 लाख रुपए दिलवाओ, तभी नीचे उतरूंगी। डेढ़ घंटे चले ड्रामा के बाद दो महिलाकर्मी ऊपर पहुंचीं और उसे अपने कब्जे में लेकर नीचे ले आईं।

भूरी का आवेदन काम धंधे व बलेम से जुड़ा था, इसलिए अपर कलेक्टेट सीनी प्रसाद ने उसे शहरी विकास अभिकरण को भेज दिया। कुछ ही देर बाद महिला के टंकी पर चढ़े होने की सूचना पहुंची। पहले प्रसाद ने उसे तात्कालिक सहायता के तौर पर 20 हजार रुपए देने का भरोसा दिया, लेकिन भूरी ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इस मामले में विधि थाना प्रभारी रवींद्र भाटग ने कहा कि मेडिकल कराने के बाद महिला को समुझकर घर भेज दिया गया है।

संजय पाठक केस, हस्तक्षेप याचिकाकर्ता को सिर्फ कोर्ट की सहायता करने की छूट

जबलपुर| विजय राघवगढ़ के विधायक संजय पाठक से जुड़े क्रिमिनल कंटेंट मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट के पिछले आदेश के अनुसार संजय पाठक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान आशुतोष मनु दीक्षित की ओर से अधिवक्ता देवव्रत कामत ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए हस्तक्षेप आवेदन स्वीकार करने का निवेदन किया, लेकिन हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने केवल "कोर्ट की सहायता" करने की स्वतंत्रता दी है, न कि हस्तक्षेप का अधिकार दिया। इस आधार पर कोर्ट ने इंटरवेंशन एप्लीकेशन को खारिज कर दिया।

सुनवाई के दौरान हल्फनामे को "फर्जी" बताने पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता पक्ष को फटकार लगाते हुए कहा कि बिना पढ़े किसी दस्तावेज पर इस तरह के आरोप लगाना उचित नहीं है। संजय पाठक की ओर से अगली सुनवाई में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांग को कोर्ट ने खारिज कर दिया।

स्लीपर बस में लगी आग, कूदकर बचे 60 बाराती

भास्कर न्यूज | ग्वालियर

नेशनल हाईवे-52 पर सन्कोटा जोड़ के पास मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे एसी स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। यूपी के सोहौरा जा रही इस बस में करीब 60 बाराती थे। आग लगते ही बस के दरवाजे लॉक हो गए और इमरजेंसी एग्जिट भी काम नहीं आए। हालात ऐसे बने कि यात्रियों को खिड़कियों के कांच तोड़कर कूदना पड़ा। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार ईदौर निवासी शिव कुमार की बारात बस से ग्वालियर हुई थी। शिव कुमार के भाई राजेंद्र ने बताया बस परिहार ट्रैवल्स से बुक की थी। ट्रैवल्स ने तय बस की जगह दूसरी भेज दी। आपत्ति लेने पर संचालक ने हाईवे पर बस बदलने का आश्वासन दिया था, लेकिन इससे पहले ही हादसा हो गया। बारातियों के मुताबिक करीब 10 किमी पहले से बस में खराबी आ गई थी। आगे बैठे यात्रियों को बोनट के पास से तेज गर्मी महसूस हो रही थी और हल्का धुआं भी निकल रहा था। इसकी शिकायत ड्राइवर से की, लेकिन उसने बस नहीं रोकी। सन्कोटा के पास धुआं बढ़ने पर बस रोकी गई और इसी दौरान ड्राइवर-क्लीनर बस से उतरकर भाग गए। कुछ ही पलों में बस में चारों तरफ से आग भड़क उठी।

MADHYA PRADESH CRICKET ASSOCIATION
Holkar Stadium, Race Course Road, Indore 452003, Ph.: 0731-2543602

निविदा

एमपीसीए ग्राउंड (ग्राम कुलामण्डी, नर्मदापुरम के पास) में भवन निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण www.mpcaonline.com पर 25.04.2026 तक उपलब्ध है।

मा. सचिव एमपीसीए

भारत सरकार,
अंतरिक्ष विभाग,
इसरो नोदन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी)
महेंद्रगिरि पी. ओ., तिरुनेलवेली जिला - 627 133 तमिलनाडु, भारत
दूरभाष : 2818803/4061/1672; फैक्स : 04637-281681

इसरो

शुद्धिपत्र दिनांक : 21.04.2026

प्रकाशित ई-निविदा अधिसूचनाओं के क्रम में, कलियक्कुमारी, तिरुनेलवेलि में तटीयदल-अंतरिक्ष विपदा की योजना, डिजाइन, निर्माण, कमीशनिंग और संचालन। (ईपीसी पीज-1 में विंडिल, इलेक्ट्रिकल, एसी, वेंटिलेटर उपकरण और संबंद्ध कार्य) / (रु: आईपीआरसी/सीएनसीटीडी/193/एएडब्ल्यू/ईपीसी-01/2025-26 दिनांक 27.03.2026) (एकमुश्त लागत: ₹ 3559.00 लाख) कार्य के लिए बिडों अवधि 05.05.2026 तक बढ़ा दी गई है।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://www.isro.gov.in/Tenders.html एवं https://www.tenderwizard.com/isro.

समूह प्रधान, सीएमजी

भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा ,इटारसी (म.प्र.). फोन: 07572-236157

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस

ई-नीलामी की दिनांक: 02.06.2026, समय: सुबह 11.00 से 4.00 बजे

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्राधिकृत/वास्तविक कब्जा लेकिन म.पी नीचे वर्णित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जो "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्न-लिखित उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूत लेनदार को बकाया राशि वसूल के नीचे वर्णित की वसूली हेतु दिनांक 02.06.2026 को बेचा जाएगा, जिसका आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि कॉलम ग्य में क्रमशः नीचे वर्णित है।

ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम	विक्रय सम्पत्ति पर बकाया राशि	सम्पत्ति का विवरण एवं ग्रहणकर्ता धारक का नाम	आरक्षित मूल्य / अग्रिम धनराशि / बोली वृद्धि राशि
क	ख	ग	घ
1.श्री सोनेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बनवारीलाल दास अग्रवाल 2.श्रीमती वर्षा अग्रवाल पत्नि श्री सोनेन्द्र कुमार अग्रवाल 3.श्रीमती सुमांगी अग्रवाल पुत्री श्री सोनेन्द्र कुमार अग्रवाल 1. मकान नं 39/25 सीत नं. 25 गौजा मेहरागंज वार्ड नं. 20, आर.एम.एस. कॉलोनी, जगदा स्कूल के पास, मालवीयगंज, इटारसी, जिला- नर्मदापुरम (म.प्र.)- 461111. 2. द्वारा- भगवान ठेकेदार, मामा चालसी कॉलोनी वार्ड नं. 07, नवकारनगरिया, जिला-नीमच (म.प्र.)-466331	दिनांक 15.07.2025 को रु. 50,28,710.00 +ब्याज+अन्य खर्च	मकान नं. 39/25, सीत नं. 25, गौजा मेहरागंज, वार्ड नं. 20, आर.एम.एस. कॉलोनी, जगदा स्कूल के पास, मालवीयगंज, इटारसी, जिला- नर्मदापुरम (म.प्र.)- 461111. मुख्यालय सेलबल 1125 वर्ग फुट। सीमाएं : पूर्व में -सुनीता तिवारी का मकान, पश्चिम में - संजय नागरिया का मकान, उत्तर में- निकास गली, दक्षिण में सड़क, संपत्ति मालिक : श्री सोनेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र भगवानदास अग्रवाल और श्रीमती वर्षा अग्रवाल पत्नी सोनेन्द्र कुमार अग्रवाल	रु. 48,68,000/- रु. 4,86,000/- रु. 25,000/-

इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीदारों को नीलामी के विस्तृत समय से पहले बैंक ई-नीलामी वेब पोर्टल www.baarkhat.com में पंजीकृत कर अपने पसंदीदा ई-प्रापी बोलियां में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ई-प्रापी पाति को ट्रांसफर करना होगा। यदि पसंदीदा ई-प्रापी बोलियां में ई-प्रापी पाति उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी में पूर्व पंजीकृत, बोलबाली दस्तावेजों का सत्यापन और बोलियां में ई-प्रापी जमा अग्रिम रुपए में किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सुलभता के अनुसार नीलामियां एवं बोली अन्य स्थान नहीं है, जिस में प्रयुक्त निविदाकारों अपनी निविदा जमा करने के पूर्व संपत्तियों से संबंधित किसी भी स्थान के विषय में संबंधित कार्यालय / विभाग से जानकारी प्राप्त करें। संपत्ति के संबंधित निर्णय निविदाकारों को व्यक्तिगत से लेना होगा। ई-नीलामी **"जहां है वैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर एवं ऑनलाईन होगी। ई-नीलामी की प्रक्रिया केवल संपत्तियां की जानेगी। वेब पोर्टल : www.baarkhat.com जीएसटीआर नीलामी बिक्री टेक्स एसोसिएट, अधिकारीत ई-नीलामी निविदा पार्ट, पोस्ट्स एवं, नियम एवं शर्तें वेबसाईट पर उपलब्ध है। विक्रय के निबंधन और शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र अचल सम्पत्ति/नीलामी एवं जारी अधिकारी www.baarkhat.com / वेबसाईट का अवलोकन करें।

सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक 26.05.2026 समय सुबह 11.00 से शाम 4.00 बजे तक (पूर्व में दिन समय अनुसार) 1) 06 दिन पहले संबंधित ई-प्रापी बोली पोर्टल में ई-नीलामी की दिनांक से 2 दिन पूर्व जब बन्द, शुक्रवार को, 2) संबंधित ई-नीलामी जानकारी के लिए 8871913609, ई-मेल: support.baarkhat@sbiallance.com

यह प्रकाशन ऋणी/जमानतकर्ता/बंधनकर्ताओं को लोन अनुबंध के अंतर्गत 07 दिवसीय सूचना भी है।

नोट: नीलामी सम्पत्ति अंतिम विक्रय/बोली व निर्णय भारतीय स्टेट बैंक के पास सुरक्षित है।

दिनांक : 21.04.2026 **प्राधिकृत अधिकारी**

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइट: www.pspcl.in
मोबाइल नंबर 96461-18721

टेंडर इंजमायरी नंबर QW-344/PO-W तारीख 20.04.2026

चीफ इंजीनियर/सर्कल एंड मार्केटिंग अधिकारीज़, सरहद नगर, PSPCL, लुधियाना, 3-फेज 50 साइकिल की रिलेय के लिए ई-टेंडर मंगाता है, आउटडोर टाइप, ऑयल इमर्सड, नैचुरली कूल्ड सर्किट ब्रेकर टाइप पॉइन्ट्सफार, GWP एग्रीकल्चरल फीडर सिस्टीमहाइल टाइमसेवर (स्टार कनेक्शनस) केपेसिटी 63 KVA (नॉन-स्टार और स्टार : डेटा टाइमसेवर (पूरानी बी सीरीज के अनुसार) 31.03.2011 तक खरीद गए) कोरोना रिलेय 110-433 KV के साथ ISS: 2026 (सीरीज अपडेटेड के साथ, अगर कोई हो) और 1980 पार्ट-1 (2014) के अनुसार ऑयल की पानी सिलीन के साथ ISS: 335/1993 (सीरीज अपडेटेड के साथ, अगर कोई हो) क्वांटिटी- 7000 Nos.

डिटेल NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन के लिए कृपया 20.04 2026 को शाम 04:00 बजे से https://eprocpunjab.gov.in देखें।

नोट:- अगर कोई कॉरिजेंडम और एडेंडम है, तो उसे https://eprocpunjab.gov.in पर अनिवार्यतः चस्पित किया जाएगा।

1079/12/2026-27/10697 C505/26

M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED
Office of The Addl. C.E. (P&W), Shree Singaji Thermal Power Project, Dongalia Distt. Khandwa (M.P.)
E-mail ID : srspmk.sstpp1@gmail.com, Website : www.mpgpcl.mp.gov.in
No. 515-170B/SSTPP/MPPGCL/P&W/495 Date : 21.04.2026

NOTICE INVITING E-TENDER

Tender Particulars/Tender Number	Estimated Cost (Rs.) Including GST	EMD & Tender cost in Rs.	Due Date & Time for Closing Online Submission
2x660 MW, Stage-II, SSTPP- Excavation, loading of pond ash from Ash dyke of SSTPP, Dongalia, Distt. Khandwa, transporting and unloading for construction of flyover at Rasalpur junction on Indore-Dewas bypass (NH-52) under Indore-Ujjain-Omkareshwar Corridor for "Simhastha-2028" in the state of Madhya Pradesh. (T-2026_MPPGC_500621)	Rs. 987.88 Lakh	9,87,900.00 & 5000/-	28.04.2026 up to 15:30 hrs

For extension & other details,the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at www.mptenders.gov.in
M.P. Madhyam/125424/2026 // SAVE ELECTRICITY // SE (P&W)